an>

Title: Need to sanction the proposal of Gujarat Government for development of Sabarmati Gandhi Ashram in Ahmedabad.

डॉ. किरिट पी. सोलंकी (अहमदाबाद) : माननीय सभापति जी, मैं अहमदाबाद पश्चिम संसदीय क्षेत्र से प्रतिनिधित्व करता हूं। जहां तक अहमदाबाद का सवाल है, अहमदाबाद की पवित्र नदी साबरमति के तट पर राष्ट्रीय धरोहर और सबसे बड़ी विरासत महात्मा गांधी का साबरमति आश्रम है। साबरमति आश्रम के निर्माण के लिए गुजरात सरकार ने 2010 में डीपीआर प्रस्तुत किया था। साबरमति आश्रम देश की विरासत है। यहां महात्मा गांधी जी ने रहते हुए समग्र देश की आजादी की लड़ाई की संचालन किया था। और देश को आजादी दिलाई थी। यह बहुत ऐतिहासिक जगह है। गुजरात सरकार ने 2010 में एक डीपीआर इस आश्रम के विकास, ब्यूटिफिकेशन, गार्डनिंग और लैंड स्केपिंग के लिए भेजी थी। इस आश्रम के ठीक बगल में दांडी ब्रिज है, जहां से महात्मां गांधी जी ने दांडी कूच किया था, उसके रिनोवेशन के लिए इसमें प्रावधान किये गये हैं। आश्रम के ठीक पश्चिमी ओर पर कस्तूरबा झील का निर्माण करना है और एक फ्लाई ओवर बनाना है। इन सभी के लिए 367.07 करोड़ रुपये का डीपीआर गुजरात सरकार ने 2010 में प्रस्तुत किया है।

महोदय, मेरा आपके माध्यम से सरकार से निवेदन है कि सांस्कृतिक मंत्रालय इस डीपीआर को शीघ्र ही मंजूर करे, ताकि हम महात्मा गांधी जी को एक भव्य श्रद्धांजलि दे सकें और महात्मा गांधी जी की जो एक बड़ी विरासत है, हमारे देश का एक गौरव है, उसके लिए हम कुछ कर सकें।